# रानीपट्टी में आमसभा का हुआ आयोजन



आमसभा में एसडीओ, समन्वयक



उपस्थित महिलाएं

**वीरपुर(सुपौल), संवाद सहयोगी :** बसंतपुर प्रखंड के तीन पंचायतों बनैलीपट्टी, परमानंदपुर एवं बसंतपुर के ग्राम संगठनों को मिला कर महिलाओं के जीविका संकुल स्तरीय संघ के निर्माण को लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय रानीपट्टी के प्रागंण में एक आमसभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वीरपुर अनुमंडल पदाधिकारी चंदन चौहान के द्वारा किया गया। एसडीओ ने महिलाओं के द्वारा किए गए नशा मुक्ति अभियान, दहेज विरोधी अभियान, बाल विवाह अभियान में लिए जा रहे, दिलचस्पी की काफी सराहना की। बोले कि महिलाओं के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से समाज पर भी व्यापक असर पड़ेगा। जिला परियोजना प्रबंधक मनीष कुमार एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक डा. प्रिय रंजन ने उपस्थित दीदी की सराहना किया और उनके कार्य कुशलता की चर्चा की। कार्यक्रम को चिचिया देवी, अनिता भारती, नन्हकी देवी, रोशनी खातुन के अलावा अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

मौके पर प्रशिक्षण अधिकारी राजेश्वर प्रसाद, क्षेत्रीय समन्वयक मुकेश प्रसाद, संजीव कुमार, माधवानंद झा, विद्या भारती आदि मौजूद थे।